स्वच्छता- समिति
बैठक संख्या- 11/2018-19
कार्यवाही- अनुलेख
दिनांक- 06/05/2019

आजदिनांक-06/05/2019 को सत्र की अन्तिम ग्यारहवीं बैठक कक्ष संख्या-06 में सम्पन्न हुई। बैठक में सब से पहले पिछली कार्यवाही की समीक्षा की गई। तत्पश्चात् सभी परिचारकों को आहूत कर आवंटित- कक्षों को साफ करवाया गया। आज के व्यापक- स्वच्छता अभियान में ग्रीष्मावकाश पूर्व व्यापक रूप से सफाई कार्यक्रम को सम्पन्न किया गया। इस कार्यक्रम में सम्पूर्ण महाविद्यालय परिसर, कक्षा, पुस्तकालय, गलियारा व शौचालय का सम्यक् निरीक्षण कर साफ- सफाई करवाया गया। इसव्यापक सफाई की कार्यवाही में - बाहर से दो मजदूर को बुलाना पड़ा। साफ- सफाई के बाद सम्बन्धित को (गोविन्दा को) समस्त शौचालयों में ताला बन्द करने को कहा गया। आगे ग्रीष्मावकाश में ग्रामीण पशु परिसर में प्रवेश कर गोबर गन्दा न करे इस हेतु अवकाश के दिनों में दैनिक नियुक्त कर्मचारी को सदैव मुख्य द्वार पर ताला बन्द करने का निर्देश दिया गया। सत्र के अन्तिम बैठक में संयोजक ने - अपने समिति के सदस्यों को तन-मन से सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक की अग्रिम तिथि ग्रीष्मा- वकाश बाद दिनांक-03/07/2019 को निर्धारित किया गया। प्राचार्य महोदय को अवगत कराया गया।

सदस्यगण
1 डा० अनिल तिवारी (हस्ताक्षर)
2 डा० अभय कुमार वर्मा (हस्ताक्षर)
3 डा० विकास कु० जायसवाल (हस्ताक्षर)

संयोजक
(हस्ताक्षर)
डा० उदय शंकर झा
संयोजक
स्वच्छता-समिति
सकलडीहा पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज,
सकलडीहा-चन्दौली, उ०प्र०